CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 11 ▫ रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील पर विपक्ष ने उठाया सवाल कांग्रेस बोली- ये नहीं है फादर ऑफ ऑल डील्स

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारत-अमेरिका ट्रेड डील और अमेरिकी टैरिफ घटने पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तीखा हमला किया है। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील एलान के बाद कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। कांग्रेस ने कहा कि भारत से जुड़े फैसलों की जानकारी बार-बार अमेरिका से दी जा रही है, न कि भारत सरकार की ओर से बताया जा रहा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह समझौता देखने में किसी भी तरह से 'फादर ऑफ ऑल डील्स' नहीं लगता। वहीं अमेरिकी टैरिफ घटाने पर जयराम रमेश ने इसे 'ट्रंप-निर्भरता' करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत को सरकार के फैसलों की जानकारी विदेशी बयान के जरिए मिलना चिंताजनक है।

बता दें कि बता दें कि सोमवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर बड़ी घोषणा की है। साथ ही अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारत के लिए टैरिफ को 25% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने सोमवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10.30 बजे ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रंप ने दावा किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं।



अमेरिकी टैरिफ घटने पर ली चुटकी

अब इस पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस ने कहा कि भारत से जुड़े फैसलों की जानकारी बार-बार अमेरिका से दी जा रही है, न कि भारत सरकार की ओर से बताया जा रहा। कांग्रेस का कहना है कि यह स्थिति भारत की विदेश नीति और सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह समझौता देखने में किसी भी तरह से 'फादर ऑफ ऑल डील्स' नहीं लगता। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंततः अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने झुकने का फैसला कर लिया है। जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर आगे व्यंग्य करते हुए 1987 की फिल्म मिस्टर इंडिया के मशहूर डायलॉग का इस्तेमाल किया और कहा कि 'वॉशिंगटन में तो साफ है कि 'मोगैम्बो खुश है'।

जयराम रमेश का कहना था कि ट्रंप लगातार भारत से जुड़े बड़े फैसलों की जानकारी अमेरिका से दे रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बयान भी ट्रंप ने वॉशिंगटन से दिया था, भारत के रूस और वेनेजुएला से तेल खरीदने को लेकर भी जानकारी अमेरिका से आई थी। अब भारत-अमेरिका ट्रेड डील की घोषणा भी ट्रंप ने ही की है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास प्रधानमंत्री मोदी पर किसी न किसी तरह का दबाव या लीवरेज है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति यह हो गई है कि प्रधानमंत्री न तो ट्रंप के साथ सार्वजनिक रूप से दिखना चाहते हैं और न ही पहले की तरह दोस्ताना अंदाज में बातचीत करते नजर आते हैं। भारत-अमेरिका ट्रेड डील होने और अमेरिकी टैरिफ कम होने पर पीएम नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ घटाए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शुक्रिया अदा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि ट्रंप से बात करके अच्छा लगा। मेक इन इंडिया पर टैरिफ 18 फीसदी हुआ। भारत के लोगों की तरफ से ट्रंप का शुक्रिया करते हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम साझेदारियों को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।

## लोकसभा में इंडिया ब्लॉक का जोरदार हंगामा, नारेबाजी के बाद कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा लगातार नारेबाजी के बाद संसद के निचले सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की अध्यक्षता करते हुए सांसद कृष्ण प्रसाद टेनेटी ने इंडिया ब्लॉक के सांसदों से सदन में प्रदर्शन उठाने को कहा। लगातार विरोध प्रदर्शनों के बीच टेनेटी ने सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा का सत्र, जो सुबह 11 बजे शुरू हुआ था, इंडिया ब्लॉक के सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाने के बाद पहले 11.08 बजे स्थगित कर दिया गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव पेश किया कि सदन 2 फरवरी को सदन में प्रस्तुत व्यापार सलाहकार समिति की चौदहवीं रिपोर्ट से सहमत हो। यह प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया। कार्यवाही की शुरुआत कांग्रेस नेता सुरुपसिंह हिरया नायक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई, जिनका निधन दिसंबर 2025 में हुआ था। आज सुबह, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया और भारतीय उद्योगों और किसानों के लिए इसके प्रतिकूल परिणामों का दावा किया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि वाशिंगटन का दावा है कि इस समझौते से उसे नई दिल्ली को अधिक कृषि उत्पाद निर्यात करने में मदद मिलेगी। अपने स्थगन प्रस्ताव में केसी वेणुगोपाल ने कहा कि समझौते का विवरण संसद के समक्ष नहीं रखा गया है। आज संसद सत्र से पहले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'जय मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर बधाई दी।

## 'गगनवीर' शुभांशु शुक्ला पहुंचे रायपुर

### अंतरिक्ष संगवारी के शुभारंभ में पर कहा- बच्चों के लिए यह लाभदायी होगा



मध्यभारत क्षेत्र में स्पेस शिक्षा की कमी : शुभांशु शुक्ला

**रायपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। एक्सिओम-4 मिशन में पायलट की भूमिका में रहे अंतरिक्ष यात्री और अशोक चक्र से सम्मानित शुभांशु शुक्ला मंगलवार को पहली बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे. वह आज नवा रायपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राखी में 'अंतरिक्ष संगवारी' के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे. अंतरिक्ष यात्री शुभांशु ने बताया कि वह मिशन के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ आए हैं. आज वह अंतरिक्ष केंद्र का शुभारंभ करेंगे. यह बहुत अच्छा है कि विज्ञान के प्रति बच्चों को उत्साहित किया जा रहा है. बच्चों के लिए यह लाभदायी साबित होगा. साथ ही देश के भी इससे लाभ मिलेगा.

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मध्यभारत क्षेत्र में स्पेस शिक्षा की कमी है. यह बेहद जरूरी है. इसकी जानकारी होनी चाहिए. जब जानकारी होगी तो बच्चे अपना कैरियर चुन सकते हैं. विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कैसे आगे जाएं और इसके लिए क्या पढ़ाई करें, यह सब जानकारी बच्चों को मिलनी चाहिए. केंद्रीय बजट में अंतरिक्ष क्षेत्र के आवंटन को लेकर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह बजट में हमारे लिए एक बहुत बड़ा पुश है. सरकार चाहती है कि स्पेस मिशन प्लान सफल हो. इस तरह का सहयोग जब सरकार करती है तो हम और मेहनत से काम करते हैं.

## ब्रेकिंग न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से आरक्षक की मौत

**सूरजपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में रफ्तार ने फिर कहर बरपाया है. दर्दनाक सड़क हादसे में विश्रामपुर थाना में पदस्थ आरक्षक अभय पांडे की मौत हो गई. अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार रात यह हादसा हुआ है. घटना जयनगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, आरक्षक अभय पांडे दसवीं बटालियन सिलफिली में फिटनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने गए थे. यहां से लौटने के दौरान नेशनल हाइवे 43 पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद आरक्षक गिर गए. सड़क खून से सन गई, मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया. राहगीरों की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरक्षक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस हादसे के कारणों और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है.

### पं. बंगाल अवैध कोयला खनन मामले में 10 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला खनन मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (श्ष्ठ) एक बार फिर एक्शन मोड में है। मंगलवार सुबह से ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी जारी है। प्रवर्तन निदेशालय (श्ष्ठ) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कोयले के कथित अवैध खनन और परिवहन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई शुरू की है। धन शोधन निवारण अधिनियम (क्क्र) के तहत प्रवर्तन निदेशालय की टीमें राज्य के लगभग 10 विभिन्न परिसरों की तलाशी ले रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस छापेमारी के केंद्र में राज्य पुलिस के अधिकारी मनोरंजन मंडल हैं। मनोरंजन मंडल से संबंधित परिसरों के अलावा, इस सिंडिकेट से जुड़े कई अन्य संदिग्धों के घरों पर भी तलाशी ली जा रही है।




चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप ने एक महत्वपूर्ण व्यापार समझौते में भारतका टैरिफ घटा दियाहै।

चुहिया- हां जी, पर अपने मित्र मोदी को रूस की तरफ झांकने मना किया है।

## बिना प्रमाणित मौखिक बंटवारे से बेटी का सहदायिक अधिकार नहीं होता समाप्त

**बिलासपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। पैतृक संपत्ति में बेटियों के अधिकार को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि 20 दिसंबर 2004 से पहले का अप्रमाणित मौखिक बंटवारा बेटी के सहदायिक (कॉपरसेनरी) अधिकार को समाप्त नहीं कर सकता। न्यायालय ने पैतृक कृषि भूमि में हिस्सेदारी की मांग को लेकर दायर अपील को स्वीकार करते हुए विचारण न्यायालयों के आदेशों को निरस्त कर दिया।

न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु की एकलपीठ ने कहा कि यदि विधि द्वारा मान्य बंटवारे का कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तो वादी (पुत्री) सहदायिक बनी रहती है और उसे संपत्ति के विभाजन व पृथक कब्जे का अधिकार है। केवल मौखिक बंटवारे का दावा, बिना कानूनी प्रमाण के, बेटी के अधिकार को नकारने का आधार नहीं बन सकता। यह अपील उस वाद से जुड़ी थी, जिसमें वादी ने पैतृक कृषि भूमि में अपना हिस्सा मांगा था। ट्रायल कोर्ट और प्रथम अपीलीय न्यायालय ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के प्रावधान का हवाला देते हुए वाद खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने इन दोनों समवर्ती निर्णयों को रद्द करते हुए कहा कि संशोधित कानून का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव को



■ हाईकोर्ट ने पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर दिया महत्वपूर्ण फैसला

समाप्त करना और बेटियों को पुत्रों के समान अधिकार देना है।

प्रतिवादियों ने यह तर्क दिया कि 20 दिसंबर 2004 से पहले संपत्ति का मौखिक बंटवारा हो चुका था और वादी को पिता के जीवनकाल में भूमि व मकान का हिस्सा दे दिया गया था। अदालत ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि धारा 6(1) का संरक्षण केवल उन्हीं बंटवारों को मिलता है, जो या तो सक्षम न्यायालय के डिक्री से हुए हों या पंजीकृत दस्तावेज के माध्यम से। यहां न तो कोई पंजीकृत बंटवारा पत्र प्रस्तुत किया गया और न ही कोई न्यायिक आदेश।

हाईकोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा (2020) का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि सामान्यतः मौखिक बंटवारे को कानून मान्यता नहीं देता, जब तक कि वह सार्वजनिक दस्तावेजों से सिद्ध न हो, जो इस मामले में अनुपस्थित था। अदालत ने यह भी कहा कि यदि पिता के जीवनकाल में बेटी को कुछ भूमि या मकान का हिस्सा दिया गया हो, तो उसे पूर्ण और अंतिम बंटवारा नहीं माना जा सकता। यह केवल भरण-पोषण और निवास की अस्थायी व्यवस्था हो सकती है। प्रतिवादियों की ओर से माता-पिता के बीच प्रथागत तलाक का दावा भी किया गया, जिसे भी अदालत ने अस्वीकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि किसी भी प्रथा को मान्य कराने के लिए उसका स्पष्ट उल्लेख और कठोर प्रमाण आवश्यक होता है, जो इस मामले में प्रस्तुत नहीं किया गया। अंततः न्यायालय ने माना कि बिना प्रमाणित मौखिक बंटवारे के आधार पर बेटी के वैधानिक अधिकार को नकारना कानून सम्मत नहीं है। वादी सहदायिक बनी रहेगी और उसे पैतृक संपत्ति के विभाजन व पृथक कब्जे का पूरा अधिकार प्राप्त है। इसी के साथ अपील स्वीकार कर ली गई।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी कार, व्यापारी की मौके पर मौत, पत्नी और 2 बच्चों की हालत गंभीर

**बालोद,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले के लोहाराथाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा संबलपुर नर्सरी के पास उस समय हुआ, जब सामने अचानक आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार, कार में सवार परिवार बालोद से देवरीपसौद स्थित अपने घर जा रहा था। रास्ते में संबलपुर नर्सरी के पास अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में चालक



ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार चला रहे व्यापारी भूपेंद्र गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार के शीशे तोड़कर अंदर फंसे बच्चों को बाहर निकाला और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायल महिला राघोनवागांव स्थित शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत बताई जा रही हैं।

## श्रद्धालुओं से भरी बस को ट्रक ने मारी ठोकर, एक की मौत, 15 घायल



लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा

**सूरजपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। श्रद्धालुओं को लेकर बनारस जा रही एक यात्री बस सोमवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गई। अंबिकापुरङ्कबनारस मार्ग पर गंगापुर के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में लगभग 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल यात्री की अंबिकापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का उपचार जारी है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि अन्य का उपचार निगरानी में किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि बस रायगढ़ जिले के तमनार से श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी (बनारस) के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में गंगापुर के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## 30 यात्रियों को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, तीन की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। उत्तराखंड के विकासनगर में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। हिमाचल की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के नेरवा से पांवटा जा



रही एचपी रोडवेज बस हरिपुर -कोटी - मीनस राजमार्ग पर क्वानू के पास खाई अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार हादसे में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई है। बस में 30 से अधिक यात्री सवार बताए जा रहे हैं। एसडीआरएफ की टीम बचाव अभियान चला रही है। थाना प्रभारी कालसी दीपक धारीवाल ने बताया घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गहरा दुख जताया। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर लिखा-हमें कालसी इलाके में हिमाचल ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस के एक्सीडेंट की दुखद खबर मिली है।

## कंपनियों के रेट ऑफर के बाद बढ़ सकती है शराब की कीमतें

**रायपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में शराब पर लगने वाली ड्यूटी दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। ड्यूटी दरों को लेकर जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब पर ड्यूटी टैक्स बढ़ाया गया है, जिससे आने वाले समय में शराब की कीमतों में इजाफा हो सकता है। नई आबकारी व्यवस्था के अनुसार अब विदेशी शराब पर उसकी कीमत के आधार पर अलग-अलग ड्यूटी दरें तय की गई है। यानी जितनी महंगी शराब होगी, उतना ही अधिक टैक्स देना होगा। सरकार ने केवल शराब ही नहीं, बल्कि बीयर और रेडी-टू-ड्रिंक पेय पदार्थों पर भी नई ड्यूटी दरें लागू करने का निर्णय लिया है। इससे इन उत्पादों की खुदरा कीमतों पर भी असर पड़ेगा। नई नीति में सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए न्यूनतम ड्यूटी दर निर्धारित की गई है, जिससे उन्हें कुछ राहत मिल सकती है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब शराब की सप्लाई से पहले टैक्स का भुगतान अनिवार्य होगा। इससे कर चोरी पर लगाम लगाने और राजस्व संग्रह को पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। शराब कंपनियों द्वारा रेट ऑफ सेल प्राइस प्रस्तावित किए जाने के बाद खुदरा बाजार में शराब की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।



■ ड्यूटी दर राजपत्र में प्रकाशित

CMYK